क्रिएटिव कॉमन्स साझा करना बानएँ आसान

छह लाइसेन्स आपकी रचना को साझा करने के लिए

creative commons

इंटरनेट, लोगो को एक दूसरे के रचनाओं को साझा और विकसित करने में आसानी प्रदान करता है। मगर कभी कभी कानून इसे कठिन बना देता है।

आप जब भी एक तस्वीर लेते है, गीत रिकॉर्ड करते है, एक लेख प्रकाशित करते है, या अपने मूल लेखन ऑनलाइन ड़ालते है, तब वह काम कॉपीराइट कानून की नज़रो में "सर्वाधिकार सुरक्षित" हो जाता है।

कई मामलों में, इसका यह मतलब होता है कि अन्य लोग आपकी अनुमति के बिना आपका कोई भी काम पुन: उपयोग नही कर सकते या सुधार नही कर सकते।

लेकिन अगर कोई अपने काम को अन्य लोगो द्वारा उपयोग करते देखना चाहे तो क्या करे?

अगर आप अपने द्वारा निर्मित किये गए कार्य को बाटने, साझा करने या विकसित करने का अधिकार लोगो को देना चाहते है, तो क्रिएटिव कॉमन्स लाइसेन्सेस के तहत प्रकाशित करने का विचार करें।

सीसी लाइसेन्स आपको आपके पसंद के अधिकार चुनने देती है और साथ ही लोगों को स्पष्ट रूप से आपके काम का उपयोग करने की नीति और दिशा–निर्देश बता देती है।

हमारे, इस्तेमाल में आसान लाइसेन्सेस, आपको अपनी पसंद की शर्तों पर अपने रचनात्मक काम को सरल और मानक मार्ग से सार्वजनिक अनुमति देने का काम करती हैं। सीसी लाइसेन्सेस आपको अपनी कॉपीराइट शर्तों को "सर्वाधिकार सुरक्षित" से "कुछ अधिकार सुरक्षित" कर देती हैं।

सीसी लाइसेन्सेस कॉपीराइट का वैकल्पिक नही है। सहज रूप से, कॉपीराइट आपकी अनुमति के बिना सिर्फ सीमित पुनः प्रयोग करने की अनुमति देता है। सीसी लाइसेन्सेस से आप जनता को अतिरिक्त अनुमतियाँ प्रदान कर सकते है जिससे, खुद के लिए कुछ अधिकार आरक्षित रखते हुए, आप अपने काम के पुन: उपयोग के अधिकार अपनी शर्तों के अनुसार दे सकते है।

हमारे यह लाइसेन्स विश्वस्तर पर हर देश मे लागू हो, ऐसा करने के लिए हमने दुनियाभर के कापीराइट विशेषज्ञों के साथ काम किया है।

अगर आप उस विषय वास्तु को ढूंढ रहे हैं जो आप स्वतंत्र रूप से और कानूनी तौर पर इस्तेमाल कर सकते है, तो सीसी लाइसेन्स्ड् रचनात्मकता का भंडार आप के लिए मौजूद है। यहाँ लाखों करोड़ों कार्य व रचनाएँ जनता के लिए मौजूद है जिसे हम, लाइसेन्स के शर्तों के तहत, स्वतंत्र और कानूनी रूप से इस्तेमाल कर सकते है। यहाँ गाने, वीडियो, वैज्ञानिक, शैक्षिक सामग्री आदि है और हर रोज़ नये योगदान जुड़ते है।

The Centre for Internet & Society
Access To Knowledge

क्रिएटिव कॉमन्स क्या है?

क्रिएटिव कॉमन्स एक लाभ निरपेक्ष संस्था है जो मुक्त ज्ञान और रचनात्मक संसाधनों से समृद्ध खुले और अभिगम्य इंटरनेट को समर्थन देने के लिए समर्पित किया गया है। यह दुनिया भर के लोगों के उपयोग के लिये है जिसे विकसित और सहभाजन भी किया जा सकता है।

हमारे, इस्तेमाल में आसान, लाइसेन्सेस आपको अपनी पसंद की शर्तों पर अपने रचनात्मक काम को सरल और मानक मार्ग से सार्वजनिक अनुमति देने का काम करते है। सीसी लाइसेन्सेस आपको अपनी कॉपीराइट शर्तों को "सर्वाधिकार सुरक्षित" से "कुछ अधिकार सुरक्षित" कर देती है।

लाखों लोग, दुनिया के सबसे लोकप्रिय प्लेटफार्मों के उपयोगकर्ता, जनित विषय पर सीसी लाइसेन्सेस का इस्तेमाल करते है। जब आप अपने फ़ोटो, वीडियो, या ब्लॉग को बाँटने के लिये सीसी लाइसेन्सेस का इस्तेमाल करते है, तब आपकी रचना एक विश्व स्तर पर प्राप्य संसाधनों के पूल के साथ जुड़ जाती है। यहाँ अन्य कलाकारों, शिक्षकों, वैज्ञानिकों और सरकारों के कार्य भी शामिल है।

क्रिएटिव कॉमन्स CC0 पब्लिक डोमेईन समर्पण का उपयोग करते हुए इस गाइड के सभी कॉपीराइट और संबंधित या पड़ोसी अधिकार माफ कर दी गईं है।

creative commons

स्टेप १: लाइसेन्स विशेषताएँ चुने

क्रिएटिव कॉमन्स लाइसेन्स के तहत प्रकाशित करना आसान है। पहले, वह शर्तें चुने जो आप अपने काम पर लगाना चाहेंगे।

ऍट्रीब्यूशन

हर सीसी लाइसेन्स की यह आवश्यकता हैं कि जो भी आपके कार्य का इस्तेमाल करें वह आपको उसका सही श्रेय प्रदान करें। मगर इस तरह से नहीं, जो यह प्रकट हो कि उन विचारो मे आपका समर्थन है। अगर कोई आपके कार्य को बिना श्रेय देकर उपयोग करना चाहे तो यह जरूरी है कि वह पहले आपकी अनुमति ले।

शेयर अलाइक

आप दूसरो को अपने कार्य की प्रतिलिपि, प्रदर्शन, प्रदर्शित, संशोधित और वितरित करने की अनुमति देते हैं अगर वे वही शर्तों पर उसे संशोधित और वितरित करे। अगर कोई अन्य शर्तों पर उसे वितरित या संशोधित करना चाहे तो यह जरूरी है कि वे पहले आपकी अनुमति ले।

नोडेरिव्स

आप दूसरों को केवल आपके कार्य की असली प्रतियाँ को प्रतिलिपि, प्रदर्शन, प्रदर्शित, संशोधित और वितरित करने की अनुमति देते है। अगर कोई आपके कार्यों को संशोधित करना चाहे तो जरूरी है कि वे पहले आपकी अनुमति ले।

नॉन कमर्शियल

आप दूसरो को अपने कार्य की प्रतिलिपि, प्रदर्शन, प्रदर्शित, वितरित (जब तक आपने नोडेरिव्स नहीं चुना है) और संशोधित करने की अनुमति देते है जब तक वह कार्य का इस्तेमाल कमर्शियल रूप से नहीं किया जाये। कमर्शियल उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल करना चाहें तो जरूरी है कि वे पहले आपकी अनुमति ले।

स्टेप २ : लाइसेन्स प्राप्त करें

आपके विकल्पों के आधार पर आपको एक लाइसेन्स दिया जायेगा। ये लाइसेन्स अन्य लोगों को आपके रचनात्मक कार्य को इस्तेमाल करने की शर्तें स्पष्ट रूप से समझायेगा।

Attribution
CC BY

Attribution — ShareAlike
CC BY-SA

Attribution — NoDerivs
CC BY-ND

Attribution — NonCommercial
CC BY-NC

Attribution — NonCommercial — ShareAlike
CC BY-NC-SA

Attribution — NonCommercial — NoDerivs
CC BY-NC-ND

The Centre for Internet & Society
Access To Knowledge